प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 05.06.2025 समय : 01:00 पी.एम.

......................

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के भगवान महावीर वनस्थली पार्क में विशेष वृक्षारोपण अभियान का नेतृत्व किया। श्री मोदी ने एक पेड़ माँ के नाम पहल के तहत बरगद का पौधा लगाकर अरावली ग्रीन वॉल परियोजना की शुरूआत की। इस परियोजना का उद्देश्य अरावली पर्वतमाला के सात सौ किलोमीटर क्षेत्र में फिर से वृक्षारोपण करना है। इसके माध्यम से दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा और गुजरात सहित चार राज्यों के 29 जिलों में अरावली पर्वत श्रृंखला के आसपास के पाँच किलोमीटर के बफर क्षेत्र को हरित बनाया जायेगा। साथ ही अरावली की जैव विविधता को बढाने के प्रयास किये जायेंगे। ये परियोजना स्थानीय समुदायों को रोजगार और आय सृजन के अवसर देकर लाभान्वित करेगी। इधर प्रदेश में राज्यस्तरीय समारोह जयपुर के आरआईसी में आयोजित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में किये जा रहे कई कार्यो की सौगात प्रदेश को दी। इनमें पांच लवकुश वाटिकाएं, उदयपुर के रिसाला में ग्रीन लंग्स, माछला नगर वन, राज्य के 6 प्रमुख सरकारी अस्पतालों में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का वर्चुअल शुभारम्भ शामिल है। इस दौरान जयपुर के नाहरगढ स्थित बीड पापड लैपर्ड सफारी का उद्घाटन किया गया। मुख्यमंत्री ने राज्य के 54 स्थानीय निकायों में वायु गुणवत्ता सुधार उपायों के लिए साढे 13 करोड़ रूपये की राशि हस्तान्तरित की। सांगानेर में सामान्य अपशिष्ट उपचार संयत्र का लोकार्पण किया गया। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने ई वेस्ट संग्रहण अभियान की शुरूआत की। इसके तहत ई–वेस्ट ड्राइव व्हीकल्स को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

......................

प्रदेश में आज से वंदे गंगा जल संरक्षण–जन अभियान की शुरूआत हुई। अभियान के तहत 20 जून तक भू–जल स्तर बढाने और जल संग्रहण के कार्य किये जायेंगे। अभियान से लोगों को जोडकर इसे जल आंदोलन बनाया जायेगा। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने अभियान की शुरूआत जमवारामगढ़ से की।
उन्होंने इस दौरान श्रमदान किया और पौधरोपण किया। इस अवसर पर समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले डेढ साल में राज्य सरकार ने प्रदेश में पानी के क्षेत्र में काफी काम किया है। राम जल सेतु योजना, यमुना जल समझौता, देवास स्कीम का शिलान्यास और इंदिरा गांधी गंग नहर के लिए चार हजार करोड़ रूपये का बजट दिया है। उन्होंने रामगढ बांध को फिर एक बार जल से भरपुर करने के लिए स्थानीय लोगों द्वारा किये गये श्रमदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रकृति और जल का संरक्षण करना सभी का दायित्व है । श्री शर्मा ने पर्यावरण दिवस की चर्चा करते हुए जिक्र किया कि पिछली बार निर्धारित किये सात करोड़ पौधे लगाने के लक्ष्य के मुकाबले सात करोड़ 35 लाख पौधे लगाये गये और इस बार दस करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य तय किया है। मुख्यमंत्री ने लोगों से एक पेड मां के नाम अवश्य लगाने की अपील की। श्री शर्मा बूंदी के केशोरायपाटन में 'वंदे गंगा' जल पूजन, चुनरी महोत्सव और कलश पूजन कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। वे वहां जल स्वावलंबन अभियान 2.1 के तहत बूंदी जिले के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री शाम को भरतपुर पहुंचेंगे जहां वे गंगा मंदिर में विशेष पूजा और सुजानगंगा में दीपदान भी करेंगे।

......................

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों को गरीबी से उबारने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए महत्वपूर्ण कदमों पर आज प्रकाश डाला। लोगों के सशक्तिकरण, बुनियादी ढांचे और समावेशन पर उठाए कदमों के बारे में भी बताया। केंद्र सरकार ने सुशासन और गरीबों के कल्याण को बढ़ावा देते हुए गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूरे कर लिए हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री मोदी ने लिखा कि पीएम आवास योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, जन धन योजना और आयुष्मान भारत जैसी पहलों ने आवास, स्वच्छ खाना पकाने के ईंधन, बैंकिंग और स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच को बढ़ाया है। श्री मोदी ने 25 करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी को हराने में मदद करने में इन पहलों की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने एक समावेशी और आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई, जहां हर नागरिक को सम्मान के साथ जीने का अवसर मिले।

......................

देशभर के 30 हज़ार से ज़्यादा संगठनों ने इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मुख्य कार्यक्रम योग संगम–2025 में भाग लेने के लिए पंजीकरण कराया है। इस वर्ष का योग संगम पारंपरिक योग अभ्यास से आगे बढ़कर सचेतन, लचीलापन और सद्भाव को बढ़ावा देने वाली राष्ट्रव्यापी पहल का रूप ले रहा है।

......................